# प्रेस विज्ञप्ति

सेवा में,

**संपादक/मुख्य संवाददाता**

दैनिक जागरण/हिदुस्तान/दैनिक भास्कर/प्रभात खबर/आज/ इलेक्ट्रनिक चैनल

## दस हजार पंचायत सेवकों की नियुक्ति जल्द कार्यशाला वित्त आयोग अध्यक्ष की घोषणा

**पटना, 22 फरवरी 2014 ।** पंचायती राज व्यवस्था को और सशक्त बनाने के लिए सरकार दस हजार पंचायत सेवकों की नियुक्ति करने जा रही है।

पंचम राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष ए.एन.पी. सिन्हा ने शनिवार को यहाँ पंचायती राज विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में उक्त घोषणा की। कार्यशाला का आयोजन मुख्यमंत्री के शोध, अध्ययन एवं प्रोस्साहन योजना के तहत प्रो. जी.पी. सिन्हा सेन्टर फॉर डिजास्टर मैनेजमेंट एडं रूरल डेभलपमेंट द्वारा किया गया।

आयोग उध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार पंचायत को सरकार बनाने के लिए उसे हर तरह से मजबूत करने के प्रयास में जुटी है। जो रफ्तार उससे अगले पॉच वषो में पंचायती राज सरकार बन कर रहेगी। सरकार ने पंचायत भवनों का प्रस्तावित नाम पंचायत सरकार भवन रखा है, और इनका निमार्ण भी शुरू हो रहा है। ये पंचायत सरकार भवन एक तरह स मिनी कनक्टरेट हो जायेगा। कार्यशाला में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष प्रो. राजमणि प्रसाद सिंह समेत पंचायती राज संस्थाओं के विशेषज्ञों ने भी भाग लिया।

श्री सिन्हा ने कहा कि प्रदेश के तीन वित्त आयोग कमजोर थे। मगर चौथे वित्त आयोग बेहतरीन काम किया जिससे पंचायतो की बेहतरी का माहौल बना है।उन्होंने कहा कि स्थानीय स्वशासन लोकतत्र की आधारशिला है, और बिना स्थानीय स्तर पर लोगों की सहभागिता के प्रतिनिधित्व लोकतंत्र की बात बेमानी है। पंचायती राज संस्थाओं को यथाशीघ्र समाजिक आर्थिक विकास कार्यक्रम के लिए वित्तीय अधिकार ही नहीं, सीधे उनके पास भेजने की व्यवस्था पर सोच बनी है। भारत सरकार के 13वें वित्त अयोग ने पहला पंचायती राज संस्थाओं के लिए केन्द्रीय करों में 2.5 प्रतिशत राज्यों को दिया है।

पंचायती राज के पूर्व निदेशक व सीआईआरडीएपी ढाका के निदेशक प्रो. एस. के. सिंह ने कहा कि पंचायती राज को जमीन पर उतारने के लिए ग्राम सभा को मजबूत करना जरूरी है। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन विभाग के पूर्व विशेष सचिव, श्री राजीव कुमार सिंह, बिहार इन्डस्टोज एसोसिएशन के अध्यक्ष अरूण अग्रवाल तथा प्रो. जी. पी. सिन्हा सेन्टर फॉर डिजास्टर मैनेजमेंट एड रूरल डेभलपमेंट के निदेशक डा. राजन सिन्हा, ने भी अपने विचार वयक्त किये ।

प्रो.जी.पी. सिन्हा सेन्टर फॉर डिजास्टर मैनेजमेंट एंड रूरल डेभलपमेंट के निदेशक परियोजना, सुधाकर झा ने विषय प्रर्वतन करते हुए कहा कि प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था में सूबे में अब तक विभिन्न योजनाओं के कार्यन्वयन व कार्यन्वयन में समस्या आदि का मूल्यांकन करना इस कार्यशाला का मकसद है तथा प्रतिभाबियों से फीड बैक लेकर उसे सरकार तक अनुशंसाओं के साथ भेजा जायेगा।

मंगल दीप जलाकार प्रो. सिन्हा, ने कार्यशाला का विधिवत् उद्घाटन किया। पूर्व में विनोद कुमार पोद्दार ने मेहमानों का स्वागत किया।

**ह०/–**

**सुधाकर झा**

निदेशक,परियोजा

9334766102

सेवा में,

**संपादक/मुख्य संवाददाता**
दैनिक जागरण/हिदुस्तान/दैनिक भास्कर/ प्रभात खबर/आज/इलेक्ट्रनिक चैनल

## पांच वर्षों में 8 हजार ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवनः भीम सिंह

## 1830 भवन बनाने का काम शुरू

**पटना, 23 फरवरी 2014** । पंचायती राज मंत्री भीम सिंह ने कहा कि आगामी पांच वर्षों में सभी आठ हजार ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन बना दिया जायेगा। बोले, 1830 ग्राम पंचायतों में 83 लाख प्रत्येक की लागत से पंचायत सरकार भवन तैयार किया जा रहा है।

रविवार को स्थानीय बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिये"ान हाल में प्रो. जी.पी.सिन्हा सेन्टर फॉर डिजास्टर मैनेजमेंट के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रोय कार्य"ााला के समापन समारोह को संबोधित करते हुए पंचायती राज मंत्री श्री सिंह ने कहा कि राज्य सरकार पंचायती राज व्यवस्था को जमीन पर उतारने को कृतसंकल्प है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पंचायती राज विभाग को कोर सेक्टर में रखते हुए वित आयोग से भरपूर रा"ि की मांग की है।

श्री सिंह ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं को अपना दायरा समझना होगा। जो भी पंचायत अच्छा काम करेंगे उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा। उन्होंने जी.पी.सिन्हा केन्द्र द्वारा आयोजित कार्य"ााला की सराहना करते हुए विभाग के स्तर पर जल्द ही राष्ट्रीय कार्य"ााला आयोजित करने की घोषणा भी की।

आज के सत्र में ''ग्राम सभा की संभावना की अनुभूति'' ''पंचायत की तुलना में ग्रामीण विकास का अवलोकन'' विषय पर आयोजित चर्चा सत्र का पंचायती राज विशेषज्ञ चंदशेखर प्राण, ओम प्रकाश तथा पंचायती राज विभाग के सलाहकार रघुवंश सिन्हा ने संबोधित किया।

इस अवसर पर पंचायती राज मंत्री श्री सिंह ने संस्थान की स्मारिका का विमोचन किया। उन्होंने संस्थान की ओर से शाल व प्रशस्ति पत्र देकर पंचायत विशेषज्ञ चंद्रशेखर प्राण, एस.के.सिंह को सम्मानित किया। नीरपुर पंचायत, नालंदा के रत्नेश कुमार, ओरंगाबाद के दुधार ग्राम पंचायत क पुष्पा देवी तथा अररिया की जिला परिषद अध्यक्ष शगुफ्ता अजीम को भी शाल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पूर्व में प्रो.जी.पी.सिन्हा सेन्टर फॉर डिजास्टर मैनेजमेंट एंड रूरल डेवलपमेंट के निदेशक डॉ. राजन सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत किया । संस्थान के परियोजना निदेशक सुधाकर झा ने मेहमानों के प्रति आभार व्यक्त किया।

ह॰/—
**सुधाकर झा**
निदेशक,परियोजा
9334766102